सिद्धांतों का पालन करें, आत्मसंतुष्टि के जाल में न फंसे छात्र: केएस शेट्टी

जासं, अमृतसर: इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट (आइआइएम) की ओर से एमबीए प्रोग्राम के नौवें बैच, एमबीए- बिजनेस एनालिटिक्स प्रोग्राम व एमबीए-ह्यूमन रिसोर्सेज प्रोग्राम के तीसरे बैच और पीएचडी प्रोग्राम के चौथे बैच का शुभारंभ किया गया। होटल हयात रीजेंसी में हुए समारोह में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के मानव संसाधन निदेशक केएस शेट्टी मुख्य अतिथि के रूप से पहुंचे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डा. नागराजन रामामूर्ति ने की। निदेशक शेट्टी ने छात्रों से कहा कि हमें सिद्धांतों का पालन करना चाहिए और आत्मसंतुष्टि के जाल में नहीं फंसना चाहिए। हमेशा जीवन को एक प्रयास के रूप में सोचें। आत्मसंतुष्ट न होना और सफलता की राह पर बने रहने के लिए कड़ी मेहनत के साथ निरंतरता भी महत्वपूर्ण है।

निदेशक प्रोफेसर नागराजन रामामूर्ति ने बतौर निदेशक अपने तीन वर्षों की यादों को ताजा करते हुए कहा कि

सत्र

- **आइआइएम ने एमबीए के अलग-अलग बैच और पीएचडी प्रोग्राम के चौथे बैच का शुभारंभ किया**
- **संस्थान के निदेशक प्रो. नागराजन रामामूर्ति ने विद्यार्थियों से कभी निराश नहीं होने का किया आग्रह**

एमबीए-09, एमबीए-बीए-03, एमबीए-एचआर-03 और पीएचडी-04 के 339 छात्रों के साथ संस्थान आइआइटी रोपड़ के साथ एमएससी कार्यक्रम का शुभारंभ करेगा। उन्होंने छात्रों को तनाव, प्रतिस्पर्धा आदि के बीच देश के शीर्ष स्तर पर जगह बनाने के लिए बधाई दी और उनसे कभी निराश न होने का आग्रह किया।

चेयरपर्सन एडमिशन डा. अंकित शर्मा ने नए बैच के विद्यार्थियों से कहा कि उनके लिए यह यात्रा अभी शुरू हुई है। उन्होंने छात्रों से समान विचारधारा वाले लोगों के साथ सहयोग करने, प्रतिस्पर्धा करने और बातचीत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति आइआइएम में अपने कुछ साल कैसे बिताता है, यही उसकी यात्रा को परिभाषित करता है। एमबीए चेयरपर्सन डा. नबेंदु पाल ने बैच को अनुशासन, लगातार सीखने के महत्व के बारे में जानकारी दी और छात्रों से विभिन्न छात्र गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए कहा, क्योंकि इससे छात्रों के टीम वर्क और इंटरेक्शन कौशल में वृद्धि होती है।

अकादमिक डीन डा. महिमा गुप्ता ने 2015 में एमबीए प्रोग्राम की शुरुआत, 2021 में बीए और एचआर प्रोग्राम, ईएमबीए प्रोग्राम, पीएचडी प्रोग्राम, पोस्ट-डाक्टोरल फेलोशिप के बारे में बातचीत करके आइआइएम के इतिहास के बारे में जानकारी दी। मंच पर मुख्य अतिथि निदेशक केएस शेट्टी के अलावा आइआइएम के निदेशक डा. नागराजन रामामूर्ति, डा. महिमा गुप्ता-डीन, एकेडमिक्स, डा. पवनीत सिंह और डा. नबेंदु पाल, एमबीए चेयरपर्सन और डा. अंकित शर्मा चेयरपर्सन एडमिशन भी मौजूद थे।

आइआइएम की ओर से एमबीए प्रोग्राम के नौवें, एमबीए- बिजनेस एनालिटिक्स प्रोग्राम व एमबीए-ह्यूमन रिसोर्सेज प्रोग्राम के तीसरे और पीएचडी प्रोग्राम के चौथे बैच का शुभारंभ होने पर छात्रों के साथ संयुक्त तस्वीर करवाते हुए मुख्य अतिथि हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के मानव संसाधन निदेशक केएस शेट्टी (बाएं से आठवें) व उनके साथ बैठे संस्थान के निदेशक डा. नागराजन रामामूर्ति और स्टाफ • सौ. आइआइएम

भारतीय प्रबंध संस्थान अमृतसर
पुस्तकालय
LIBRARY
Indian Institute of Management Amritsar